# राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूँ उ0प्र0–243601

पत्र सं0– /रा0मे0का0ब0/विज्ञप्ति/2025 दिनांक– 10/06/2025

## :सेवायोजन विज्ञप्तिः

महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्रांक संख्या–एम0ई0–3/2024/2443 दिनांक–22 अक्टूबर, 2024 के द्वारा निर्देश प्राप्त हुए हैं कि दिनांक–20.10.2024 का मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में मेडिकल कालेजों, की चिकित्सा प्रबन्धन एवं मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सीय सुविधाओं एवं उनके तीमारदारों को बेहतर आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से हास्पिटल एडमिनिट्रेशन (Hospital Administration) के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने की अपेक्षा की गयी हैं। उक्त के अनुपालन में राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूँ में नॉन पीजी जूनियर रेजीडेन्ट के रिक्त पदो के सापेक्ष नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेन्ट अस्पताल प्रशासन (Hospital Administration) के पदों पर चयन हेतु वॉक–इन–इन्टरव्यू (Walk-in-Interview) के माध्यम से कालेज स्तर से चयन किया जाना है, इच्छुक अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वह साक्षात्कार के समय अपने समस्त मूल प्रमाण–पत्रों शैक्षिक/अनुभव प्रमाण–पत्रों/शोध पत्रों/आधर कार्ड एवं जाति प्रमाण पत्र की (स्व प्रमाणित) छायाप्रति सहित 01 सेट बायोडाटा के साथ **प्रत्येक मंगलवार को (पद भरे जाने तक)** प्रधानाचार्य कार्यालय में प्रातः 11:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

**उक्त हेतु पदों का विवरण निम्नवत् हैं–**

**राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूँ में नॉन पी0जी0 जे0आर0 के रिक्त पदो के सापेक्ष नॉन पी0जी0 जे0आर0 अस्पताल प्रशासन (Hospital Administration) के रिक्त पदों का विवरण निम्नवत् हैं–**

| क्र0 | विशिष्टता का नाम | रिक्त पदों की संख्या | आवेदक की अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1. | अस्पताल प्रशासन (Hospital Administration) | 03 (सामान्य–01), (अन्य पिछड़ा वर्ग–01), (अनुसूचित जाति–01) | एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0 एवं किसी भी चिकित्सकीय संस्थान से 02 वर्षीय पूर्णकालिक पी0जी0 डिग्री–मास्टर्स इन हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन की अर्हता रखते हो) |

**नोटः–शासन के द्वारा जारी आरक्षण रोस्टर के आधार पर ही चयन प्रकिया की जायेगी एवं सीटों की संख्या आवश्यकतानुसार घट एवं बढ़ सकती हैं।**

1. संविदा पर नियुक्ति किये जाने वाले जूनियर रेजीडेन्ट (नॉन पी0जी0) का वेतनमान रू0 56100/–(7th Pay Level-10) प्रतिमाह हैं।
2. समस्त पदो पर योग्यता एन0एम0सी0 नई दिल्ली के मानकों के अनुसार एवं शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत शासनादेशों के अनुसार होगी।
3. अभ्यर्थी की आयु साक्षात्कार की तिथि को 45 वर्ष या उससे कम होनी चाहिये।
4. संविदा पर नियुक्ति किये जाने वाले जूनियर रेजीडेन्ट (नॉन पी0जी0) की सेवांए महानिदेशालय से सेवा बाण्ड के आधार पर चयनित जूनियर रेजीडेन्ट (नॉन पीजी) के उपलब्ध होने/सम्बन्धित विषय में पी0जी0/डिप्लोमा छात्र/छात्राओं के प्रवेश लेने पर (Last Come First Go) के आधार पर नियुक्त अभ्यर्थी की सेवा तत्काल समाप्त हो जायेगी एवं सेवा संतोषजन न पाये जाने पर 01 माह की नोटिस देकर भी सेवा समाप्त की जा सकती हैं, संविदा छोड़ने की स्थिति में 01 माह पूर्व नोटिस न देने की स्थति में 01 माह का वेतन/मानदेय कोषाकार के माध्यम से जमा कराना होगा।
5. जूनियर रेजीडेन्ट (नॉन पी0जी0) हेतु अभ्यर्थी का Compulsory Rotatory Internship Tranning दिनांक–30.06.2024 तक पूर्ण होनी चाहिए।
6. आवेदक को एन0एम0सी0/मेडिकल कौन्सिल ऑफ इण्डिया/उ0प्र0 स्टेट मेडिकल कौन्सिल मे स्थायी पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।
7. अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में प्रोविजनल डिग्री मात्र 06 माह की अवधि तक मान्य होगा।
8. अभ्यर्थियों का चयन अर्हता परीक्षा के प्राप्तांको एवं अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में प्राप्त प्राप्तांको के आधार पर किया जायेगा।
9. साक्षात्कार हेतु कोई यात्रा भत्ता अनुमन्य नहीं होगा।
10. ये नियुक्ति पूर्णतयः अस्थाई हैं।
11. हाईस्कूल प्रमाण–पत्र (जन्म तिथि सत्यापन हेत)।
12. उक्त पदों पर शासन के नियमानुसार आरक्षण लागू होगा।
13. यदि अभ्यर्थी पूर्व से ही किसी संस्थान में कार्यरत हैं, साक्षात्कार हेतु सम्बन्धित संस्थान से अनुभव प्रमाण–पत्र/कार्यमुक्त आदेश/अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

**नोट–वाक–इन–इन्टरव्यू (Walk-in-Interview) में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का कोई भत्ता देय नहीं होगा।**

Scanned with CamScanner

**प्रधानाचार्य,**
राजकीय मेडिकल कालेज,
बदायूँ।

**पत्रांक सं0– 481 /रा0मे0का0ब0/2025** **तद्दिनांक–**

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को महानिदेशालय के बेबसाइट पर अपलोड़ करने की कृपा करें।
3. वित्त नियंत्रक, राजकीय मेडिकल कालेज़, बदायूँ।
4. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 सूचना भवन, पार्क रोड, लखनऊ।
5. प्रधानाचार्य समस्त मेडिकल कालेज/स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, उ0प्र0।
6. प्रभारी अधिकारी, अधिष्ठान, राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूँ।
7. प्रभारी अधिकारी, बेबसाइट मेडिकल कालेज, बदायूँ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को कालेज की बेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।
8. समस्त सदस्य चयन समिति, राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूँ।
9. उप–प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूँ।
10. प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक, राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूँ।
11. कार्यालय अधीक्षक/लेखानुभाग, राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूँ।
12. समस्त नोटिस बोर्ड चस्पा।

**प्रधानाचार्य,**
राजकीय मेडिकल कालेज,
बदायूँ।

Scanned with CamScanner